# CBSE Class 7 Social Science Important Questions Geography Chapter 1 पर्यावरण

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार क्यों है?
उत्तर:
पर्यावरण हमारे जीवन का मूलाधार है क्योंकि यह हमें साँस लेने के लिए हवा, पीने के लिए पानी, खाने के लिए भोजन तथा रहने के लिए भूमि प्रदान करता है।

प्रश्न 2.
जलमण्डल किसे कहते हैं?
उत्तर:
जल के क्षेत्र को जलमण्डल कहते हैं। यह नदी, झील, तालाब, समुद्र, महासागर आदि जलीय क्षेत्रों से मिलकर बनता है।

प्रश्न 3.
पर्यावरण शब्द की उत्पत्ति कहाँ से हुई है?
उत्तर:
पर्यावरण (एनवायरनमेंट) शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द एनवायरोनेर से हुई है, जिसका अर्थ है-पड़ोस।

प्रश्न 4.
स्थलमण्डल हमें क्या प्रदान करता है?
उत्तर:
स्थलमण्डल हमें वन, कृषि एवं आवास हेतु भूमि, पशुओं के, चरने के लिए घास स्थल तथा खनिज संपदा प्रदान करता है।

प्रश्न 5.
वायुमण्डल का कोई एक लाभ बताइए।
उत्तर:
वायुमण्डल सूर्य की झुलसाने वाली गर्मी तथा हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करता है।

प्रश्न 6.
वायुमण्डल में क्या उपस्थित रहते हैं?
उत्तर:
वायुमण्डल में कई प्रकार की गैसें, धूलकण तथा जलवाष्पकण उपस्थित रहते हैं।

प्रश्न 7.
विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
उत्तर:
प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
पर्यावरण से क्या आशय है?
उत्तर:
स्थलमण्डल, जलमण्डल, वायुमण्डल तथा जैवमण्डल का वह आवरण जो हमें चारों तरफ घेरे हुए है, पर्यावरण कहलाता है। दूसरे शब्दों में, हमारे चारों तरफ पाए जाने वाले लोग, जीव-जन्तु, स्थान, वस्तुएँ एवं प्रकृति को पर्यावरण कहते हैं। यह प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित परिघटनाओं का मिश्रण है।

प्रश्न 2.
प्राकृतिक पर्यावरण और मानवीय पर्यावरण में क्या अन्तर है?
उत्तर:
प्राकृतिक पर्यावरण में पृथ्वी पर पाई जाने वाली जीवीय और अजीवीय दोनों परिस्थितियाँ सम्मिलित हैं, जबकि मानवीय पर्यावरण में मानव की परस्पर क्रियाएँ, उनकी गतिविधियाँ एवं उनके द्वारा बनाई गई रचनाएँ सम्मिलित हैं।

प्रश्न 3.
वायुमण्डल क्या है?
उत्तर:
पृथ्वी के चारों ओर फैली वायु की पतली परत को वायुमण्डल कहते हैं। कई प्रकार की गैसें, धूलकण एवं जलवाष्प इसमें उपस्थित रहते हैं। वायुमण्डल सूर्य की झुलसाने वाली गर्मी तथा हानिकारक कणों से हमारी रक्षा करता है। इसमें परिवर्तन होने से मौसम एवं जलवायु में परिवर्तन होता है।

https://www.evidyarthi.in/